हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 3 महीने से रायपुर एवं बिलासपुर की फ्लाइट बंद



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### जिपं में जिला मिशन समिति की बैठक आज

**अंबिकापुर।** उद्यान विभाग के उपसंचालक ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा की अध्यक्षता में जिला मिशन समिति की बैठक 18 सितम्बर को जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित समय में उपस्थित होने कहा है।

### दीदी के गोठ रेडियो का प्रसारण आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को दोपहर 2 बजे से किया जाता है। सितंबर माह का एपिसोड दिनांक 18 सितम्बर दोपहर 2 बजे से प्रसारित होगा। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें स्व-सहायता समूह से जुड़ी दीदियां अपनी सफलता की कहानियां स्वयं अपनी जुबानी सुनाती हैं। दीदियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी शीर्षक से प्रस्तुत यह कार्यक्रम महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरणा देने वाला साबित हो रहा है। इसमें यह संदेश दिया जाता है कि सामूहिक प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं आजीविका के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हैं।

### सोलर पम्प टेक्निशियन हेतु आवेदन कल तक

**अम्बिकापुर।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य सह नोडल अधिकारी ने बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकृत कोर्स सोलर पम्प टेक्निशियन में प्रशिक्षण प्रारम्भ होने जा रहा है। उक्त पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण हेतु इच्छुक हितग्राही 13 सितम्बर से 19 सितम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच लाईवलीहुड कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, जिसमें पंजीकृत हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण उपरान्त सर्टिफिकेट प्रदान किया जावेगा। अन्य जानकारी के लिए लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

### यूपी से अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा था खपाने, गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** यूपी से अंग्रेजी शराब लाकर तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 20 लीटर शराब जब्त किया है। बताया जा रहा है कि 17 सितम्बर को चौकी के सामने वाहन चेकिंग के दौरान प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 4406 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान रघुनाथनगर के ग्राम गिरवानी निवासी 24 वर्षीय संदीप कुमार जायसवाल आ. स्व. राज नारायण के पास मौजूद बोले में एक कार्टून से 8 नग 8पीएम व्हिस्की की पाउच तथा दूसरे कार्टून में 24 नग हेवर्ड 5000 कैन बियर कुल 20.640 लीटर बियर शराब बरामद की गई जिसकी कीमत 8 हजार 640 रुपए रुपए है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने शराब को यूपी के बभनी अंतर्गत अंग्रेजी शराब दुकान बकरिहवां से खरीदकर लाने और बनारस रोड स्थित होटल ढाबों में खापने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार जायसवाल को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### करजी क्षेत्र की घटना, मौसी ले गई थी खाना खिलाने

# सनकी युवक ने अपने ही बेटे को उठाकर पटका, पैर से कुचलकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/दरिमा

वहशी युवक ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी। प्रेम विवाह के बाद पत्नी को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया और अब सनकी युवक ने अपने ही दो साल के मासूम बच्चे को उठाकर पटक दिया और पैर से कुचल दिया। बेरहमी से की गई मारपीट से मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और घटना की जांच जारी है।

**खास बात**
- पत्नी को भी करता था प्रताड़ित



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

बताया जा रहा है कि दरिमा क्षेत्र के ग्राम करजी निवासी 28 वर्षीय जुगलाल सिंह आ. राम सुन्दर सिंह ने तीन वर्ष पूर्व मैनपाट के कमलेश्वरपुर निवासी विनीता सिंह से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों करजी में रहते थे और दोनों का तीन वर्ष का पुत्र हर्षित भी था। आदतन शराबी युवक आए दिन शराब के नशे में पत्नी से विवाद करता था और उसे प्रताड़ित करता था। प्रताड़ना से तंग आकर महिला अपने बच्चे को लेकर मार्च के महीने में मायके चली गई थी लेकिन जुगलाल बच्चे को जबरन अपने पास रखने के लिए ले आया था। आदतन शराबी युवक ने 15 सितम्बर को अपनी मां को भी झगडा करके घर से भगा दिया था और घर में सिर्फ आरोपी जुगलाल, उसके पिता राम सुन्दर और दो साल का बच्चा हर्षित ही थे। इस बीच 16 सितम्बर को बच्चे की मौसी रहमेन जुगलाल के बच्चे को कुछ खिलाने पिलाने के नाम पर अपने घर ले गई थी।

जब मौसी बच्चे को खिला रही थी तो सनकी युवक शोर मचाते हुए रहमेन के घर पहुंचा और उसे घसीटते हुए बाहर ले गया। आरोपी युवक ने बच्चे को अपने घर के दरवाजे पर ले जाकर उठाकर पटक दिया और फिर लात से मारने लगा जिससे बच्चा बेहोश हो गया। मारपीट के बाद आरोपी ने बच्चे को घर के परछी में चटाई पर सुला दिया। इस दौरान युवक की मौसी, रिश्तेदार अंकित सिंह सहित अन्य लोग बच्चे को लेकर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर 17 सितम्बर को शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### पत्नी को फोन करके बोला-बेटे को मार दिया



हैरानी की बात तो यह है कि सनकी युवक ने अपने ही बच्चे की हत्या कर दी और फिर पत्नी को फोन कर बताया कि उसने बेटे को मार दिया है। महिला विनीता सिंह ने बताया कि शादी के बाद आरोपी जुगलाल आए दिन मारपीट करता था। इस मारपीट से तंग आकर वह बच्चे के साथ मायके चली गई थी लेकिन आरोपी जबरन बच्चे को अपने साथ ले गया। 16 सितम्बर को उसने ननद के मोबाइल नम्बर पर फोन कर बताया कि बेटे को मार दिया हू। ऐसे में महिला ने फोन काट दिया लेकिन बाद में विनीता सिंह की ननद ने फोनकर बताया कि उसने सच में बच्चे को मार दिया है।

#### पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दरिमा पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी करजी निवासी 28 वर्षीय जुगलाल सिंह आ. राम सुन्दर सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक भरत लाल साहू, आरक्षक मनोहर कुमार, तेजराम लकड़ा, गोविन्द टोप्पो सक्रिय रहे।



## दो दिनों से ग्रामीण रोक रहे हाथियों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र राजपुर में पिछले पांच दिनों से भ्रमण कर रहे 30 हाथी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़कर रास्ता बाधित करने से हाथी उग्र हो गए हैं। वन अमले को ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पूरी रात कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

- लुण्ड्रा जंगल के रास्ते जशपुर की ओर बढ़ रहा हाथियों का दल

दो महीने पूर्व जशपुर से 25 हाथियों का दल वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा, राजपुर, प्रतापपुर के रास्ते तमोर पिंगला अभ्यारण्य में पहुंचा था। अभ्यारण्य के प्राकृतिक वातावरण में आधा दर्जन नए मेहमानों के दल में शामिल होने के बाद हाथी अपने पारम्परिक मार्ग से वापस जशपुर की ओर लौट रहे हैं। वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से शोर मचाकर हाथियों का रास्ता रोक दिया था। छेड़छाड़ से आक्रोशित दल के दो दंतैलों ने एक महिला की कुचलकर जान ले ली थीं। हाथी पिछले पांच दिनों से राजपुर जंगल का भ्रमण कर रहे हैं। बीती रात हाथी धंधापुर एवं उधवा कटरा के बीच अपने पारंपरिक मार्ग से लुण्ड्रा जंगल की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण तेज धमाके वाले पटाखे फोड़ने लगे जिससे हाथी वापस लौट गए। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी जिधर से भी गुजर रहे हैं पूरे खेत की फसल को रौंद रहे हैं। फसल क्षति की मुआवजा राशि से नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। दूसरी तरफ वन अधिकारियों का कहना है कि रास्ता बाधित करने से हाथी आक्रोशित हो गए हैं जिससे घरों में तोड़फोड़ कर रहे है। दो दिन में हाथियों ने चार घरों में तोड़फोड़ की है। बुधवार की रात 7.30 बजे जैसे ही जंगल से हाथी निकले मंदरीडांड के ग्रामीण पटाखा फोड़ने लगे जिससे हाथी वापस धंधापुर लौट गए।

इस संबंध में उपमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि बार-बार समझाइश देने के बावजूद ग्रामीण पटाखा फोड़कर हाथियों का रास्ता रोक रहे हैं। जिससे आक्रोशित हाथी घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। विभाग का पूरा अमला गजराज वाहन के साथ स्थल पर मौजूद है तथा हाथियों की निगरानी कर रहा है।

## पुलिस ने शातिर अंतरराज्यीय चोर गिरोह के मुख्य आरोपी सहित खरीदार ज्वेलरी विक्रेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले की पुलिस टीम ने चोरी की दो वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह के मुख्य सरगना को शहडोल मध्य प्रदेश से धरदबोचा है। साथ ही चोरी की गई सोने-चांदी के जेवर खरीदार ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार कर चोरी के 3 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है।

- आरोपी एवं उसके साथियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के कई थानों में दर्ज है अपराध



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के मुताबिक शक्तिनगर जरही निवासी प्रशांत पाण्डेय ने थाना भटगांव में 9 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिन में घर को ताला बंद कर सभी सदस्य के साथ काम से बाहर गए थे। वापस आने पर देखा कि घर का दरवाजा का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सामान बिखरे पड़े हुए थे। घर में लगे सीसीटीव्ही फुटेज देखने पर अज्ञात तीन व्यक्तियों द्वारा घर के पीछे लगे सीसीटीव्ही कैमरा को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर घर में रखे सोना चांदी के जेवर एवं नगदी सहित लगभग 3 लाख रुपए चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(3), 305, 324(4), 317(2)3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर घटना की जानकारी लगने पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरों को पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया। भटगांव पुलिस टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। घटना स्थल से मिले सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस टीम द्वारा भटगांव से अनूपपुर जिला तक करीब 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंघाला। साथ ही टोल नाका कोतमा के पास आरोपियों का फोटो स्पष्ट मिलने पर आसपास के थानों से आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त कर आरोपी शहडोल कोतवाली अंतर्गत ग्राम चंदनिया निवासी शिवा सिंह नेताम आ. संतोष सिंह (28 वर्ष) के साथ अन्य दो व्यक्ति के शामिल होने की पुष्टि हुई। इसी बीच 16 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी शिवा सिंह नेताम शहडोल मुख्य मार्ग ग्राम कंचनपुर रेस्टोरेंट के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2018 से बाइक से नंबर प्लेट निकाल कर, हेलमेट पहनकर एवं नकाब पहन कर सूने घरों की रेकी की। उसके बाद पीछे के दरवाजा को सब्बल, कटर मशीन एवं अन्य सामानों से दरवाजा तोड़ कर नगदी एवं सोने चांदी के जेवरात चोरी करते हैं। 9 जुलाई को अपने जीजा व अन्य 1 व्यक्ति के साथ बाइक से जरही के एसईसीएल कमरा नंबर बी टाइप 1 में रेकी कर बंद घर होने से पीछे के सीसीटीवी कैमरा एवं दरवाजा को तोड़कर घुसकर नगदी 35 हजार रुपए एवं सोने चांदी के जेवर चोरी कर वापस घर पहुंचकर जीजा व 1 अन्य व्यक्ति बराबर-बराबर हिस्सा बंटवारा किए। हिस्से में मिले सोने चांदी को पाली के दीप ज्वेलर्स में बिक्री करना बताया। आरोपी ने बताया कि इससे पूर्व अक्टूबर 2024 में भी भटगांव एसईसीएल के मकान नंबर सी-17 में भी अपने 1 साथी निवासी अमलाई एवं भाई के साथ पीछे के दरवाजा को तोड़कर नगदी 50 हज़ार एवं ⏭ शेष पेज 4 पर

### मोहल्ले के लोगों के घर नहीं आने से परेशान युवती ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम दवनसरा निवासी सरस्वती पैकरा आ. सव. शिव कुमार पैकरा (21 वर्ष) कॉलेज में पढ़ाई करती थी। इस बीच पड़ोसी वंशलाल से लंबे समय से जमीन विवाद चलने तथा वंश लाल द्वारा मोहल्ले के लोगों को युवती के घर नहीं जाने के लिए लोगों को भड़का दिया था। कुछ दिनों से मोहल्ले के लोगों सहित उसकी सहेलियों ने भी सरस्वती पैकरा के घर जाना बंद कर दिया। सहेली सहित मोहल्ले के लोगों के घर नहीं आने से युवती काफी परेशान हो गई और मंगलवार की शाम घर में रखे कीटनाशक को पी ली। गंभीर युवती को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सीएम ने वर्चुअल माध्यम से 265 नवनिर्मित आवास हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ननि में आवास दिवस के अवसर पर कम्पनी बाजार स्थित सरगुजा सदन में आवास मेला एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) यू. 2.0 के अंतर्गत 4 सितंबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे व्यापक जन-जागरूकता अभियान 'अंगीकार 2025' के अंतर्गत संपन्न हुआ।

- आवास मेला में 165 को स्वीकृति पत्र एवं भवन अनुज्ञा प्रदान किया




कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

इस अवसर पर बीएलसी घटक के 265 हितग्राहियों को नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश कराया गया तथा 165 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं भवन अनुज्ञा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एवं वितरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। शासन की मंशा है कि योजना का लाभ ज़रूरतमंद परिवारों तक पहुंचे और आमजन के जीवन में स्थायी परिवर्तन आए। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है कि आज सबका पक्का मकान तैयार हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को विधायक प्रबोध मिंज ने स्वच्छता का शपथ दिलाई साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए स्वच्छताग्राही दीदीयों की इलेक्ट्रिक व्हीकल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, निगम आयुक्त डीएन कश्यप, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी, निगम के अधिकारी-कर्मचारी, सीएलटीसी टीम एवं सर्वेयर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, अखंड रामायण के साथ हुआ हवन पूजन

# जिले में धूमधाम से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को शहर सहित जिले भर में देवशिल्पी की पूजा धूमधाम से की गई। जगह जगह भगवान विश्वकर्मा की मूर्ती स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई व भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शहर के मरीन ड्राइव तालाब के समीप स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

बता दें कि भगवान विश्वकर्मा पूजा को लेकर समाज के लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। शहर के मरीन ड्राइव स्थित विश्वकर्मा मंदिर में 16 सितम्बर की सुबह से अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की गई थी। बुधवार की सुबह 24 घंटे के बाद अखंड रामायण पाठ का समापन किया गया



जिसके बाद श्री विश्वकर्मा चालीसा पाठ किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में विधि विधान से विश्वकर्मा हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति दी गई व भण्डारा वितरण किया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर में श्रधालुओं का तांता लगा हुआ था। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।

मंदिर में पूजा पाठ का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा है। वहीं शाम को समाज के लोगों इ 108 थाल से भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की। इसके साथ ही शहर व जिलेभर में जगह जगह भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई और हवन पूजन किया गया जबकि आईटीआई कॉलेज में पूजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।



### कोयलांचल समेत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धाभाव के साथ की गई विश्वकर्मा पूजा

**बिश्रामपुर।** श्रम और सृजन के प्रतीक देवशिल्पी विश्वकर्मा पूजा कोयलांचल समेत आसपास इलाके में इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई,नगर प्रशासन (सिविल) बिश्रामपुर अंतर्गत फिल्टर प्लांट,रीजनल वर्कशॉप और विभिन्न खदानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को विधि-विधान के साथ विराजित कर पूजा-अर्चना की गई,फिल्टर प्लांट बिश्रामपुर में मंगलवार सुबह 10 बजे से पूजन-अर्चन का शुभारंभ हुआ,पूजा स्थल पर कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से आरती उतारी और विश्वकर्मा भगवान से कार्यक्षेत्र में सुरक्षा,समृद्धि और कल्याण की कामना की,वातावरण भक्तिमय भजनों और जयकारों से गूंज उठा,बताया गया कि 18 सितम्बर को यहां भंडारा एवं भोग-प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसी तरह क्षेत्रीय रीजनल वर्कशॉप,गैरेजों और खदानों में भी धूमधाम से विधिवत पूजा-अर्चना हुई,श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलन कर भगवान विश्वकर्मा से अपने कार्यस्थल की उन्नति और सुरक्षित कार्य वातावरण की प्रार्थना की,पूजन के अवसर पर कर्मचारियों ने इसे श्रमिक और कारीगरों का उत्सव बताते हुए कहा कि विश्वकर्मा पूजा हमें मेहनत, नवाचार और श्रम के प्रति सम्मान का संदेश देती है।पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

## खबर संक्षेप



### अमेरा खदान के नए सहक्षेत्र प्रबंधक ओम प्रकाश अटल ने पदभार संभाला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा सहक्षेत्र के नए प्रबंधक ओम प्रकाश अटल ने बुधवार को पदभार संभाल लिया है।इसके पूर्व वे रायगढ़ क्षेत्र के बरौद सब एरिया मैनेजर का कार्य संभाल रहे थे। पखवाड़े भर पूर्व कंपनी मुख्यालय से जारी स्थानांतरण आदेश में उन्हें बिश्रामपुर के अमेरा सहक्षेत्र का प्रबंधक नियुक्त किया गया था। ओम प्रकाश अटल माइनिंग कैडर के जीएम रैंक के अधिकारी हैं, अमेरा खदान लंबे समय से भूमि अधिग्रहण को लेकर विवादों में घिरा हुआ है खदान से कोयला उत्पादन ठप्प है ।नए सब एरिया मैनेजर से क्षेत्र सहित कंपनी को बड़ी उम्मीदें हैं।

## पेज 1 के शेष...

### पुलिस ने शातिर अंतरराज्यीय...

सोने चांदी के जेवरात चोरी किए थे। हिस्से में मिले सोने चांदी को पाली स्थित दीप ज्वेलर्स में एवं घर में छिपा कर रखे समानों को बरामद कराया है। मामले में दीप ज्वेलर्स संचालक आरोपी रामचरित्र सोनी को भी पकड़ा गया। अन्य 4 आरोपी फरार है। फरार आरोपियों को पता तलाश सरगर्मी से जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश सिंह, राधेश्याम साहू, श्याम सिंह, रोशन सिंह व युवराज यादव सक्रिय रहे।

## दृश्यता कम होने का हवाला देकर फ्लाई बिग ने उड़ान पर लगाई थी रोक

# 3 महीने से रायपुर एवं बिलासपुर की फ्लाइट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन महीने से बंद रायपुर एवं बिलासपुर का हवाई सफर 19 सितम्बर से पुनः प्रारंभ हो सकेगा या नहीं इसको लेकर क्षेत्रवासियों में ऊहापोह की स्थिति है। हवाई सेवा प्रदाता फ्लाई बिग ने वर्षाकाल में दृश्यता कम होने का हवाला देकर 18 सितम्बर तक फ्लाइट की उड़ान बंद रखने का शेड्यूल जारी किया था। गुरूवार को पूर्व में जारी शेड्यूल की अवधि खत्म हो जाएगी। ऐसे में फ्लाई बिग द्वारा नया शेड्यूल जारी नहीं करने से हवाई सफर का लाभ क्षेत्रवासियों को मिल सकेगा इसको लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है।

**खास बात**

- 18 सितम्बर को खत्म होगी अवधि, अभी भी ऊहापोह की स्थिति

लंबे इंतजार के बाद 19 दिसम्बर 2024 के दिन जनप्रतिनिधियों की पहल पर अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सेवा की शुरूआत की गई थी। प्रथम दिवस जब रायपुर से दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पर फलाईबिग की फ्लाइट पहुंची तो क्षेत्रवासी खुशियों से झूम उठे। क्षेत्र जनप्रतिनिधियों ने भी परिवहन सुविधाओं की दृष्टि से बेहद पिछड़े सरगुजा के लिए हवाई सफर की शुरूआत को बड़ी उपलब्धि बताया। प्रारंभ में फ्लाईट के समय को लेकर कई सवाल उठे। क्षेत्रवासियों ने फ्लाइट के समय में बदलाव करने की भी मांग की। फ्लाइट के घंटों विलंब से चलने एवं बिना सूचना फ्लाइट निरस्त करने को लेकर भी यात्रियों ने कई बार आपत्ति जताई लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। यात्रियों की शिकवा-शिकायतों के बीच मई 2025 के अंत तक फ्लाइट का संचालन ठीक तरह से चलता रहा लेकिन जून का महीना शुरू होते ही फ्लाइट का संचालन प्रभावित होने लगा। 13 जून को अंतिम बार फ्लाइट चली हालांकि फ्लाइट के विलंब से पहुंचने के कारण शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट नहीं चल सकी। इसे बाद कंपनी विविध कारणों से फ्लाइट को निरस्त करती रही। जून में मानसून की वर्षा शुरू होने पर फ्लाई बिग दृश्यता कम होने के कारण फ्लाइट चलाने में असमर्थता व्यक्त कर सेवा को निरस्त करती रही। अंतिम बार फ्लाई बिग ने 31 जुलाई को कम दृश्यता का हवाला देकर अस्थाई रूप से 18 सितम्बर तक फ्लाइट बंद रखने का शेड्यूल जारी किया था जिसका समय शुक्रवार को खत्म हो जाएगा।



फाइल फोटो

### भविष्य में भी रहेगी धुंध

अभी बरसात खत्म नहीं हुई है। हालांकि राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू हो गई है लेकिन सरगुजा से सामान्यतया अक्टूबर मध्य में मानसून विदा होता है। मौसम विज्ञानी यूपी, बिहार एवं झारखण्ड के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आगे भी छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। ठंड का मौसम शुरू होने पर आए दिन सरगुजा में घना कोहरा छाता है तथा दृश्यता कम हो जाती है। ऐसे में फ्लाई बिग उड़ान शुरू कर पाएगी इसकी संभावना कम ही है। बरसात में छत्तीसगढ़ के साथ देशभर में विभिन्न मार्गों पर लगातार फ्लाइट का संचालन हो रहा है। फ्लाई बिग भी एमपी सहित अन्य राज्यों में नियमित फ्लाइट का संचालन कर रही है। उड़ान सेवा बाधित होने के पीछे जानकार फ्लाई बिग के पास हवाई जहाज की कमी होने एवं नए मार्गों पर फ्लाइट चलाने की जिम्मेदारी लेने को बड़ा कारण बता रहे हैं।

### सीएम से करूंगा चर्चा

कुछ दिनों पूर्व नियमित फ्लाइट चलाने को लेकर दिल्ली में इंडिगों के अधिकारियों के साथ सीएम विष्णुदेव साय की बैठक हुई थी। बैठक में मैं भी उपस्थित था। अधिकारियों ने सेवा प्रारंभ करने के लिए कुछ शर्ते रखी थी जिस पर आगे की वार्ता निकट भविष्य में संभावित है। फ्लाइट के नियमित संचालन को लेकर मैं जल्द सीएम से चर्चा करूंगा।

-चिंतामणि महाराज
सांसद, सरगुजा

### नहीं मिली है सूचना

फ्लाई बिग द्वारा फ्लाइट चलाने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है। इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

-सुनील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा

## बिजनेस/हेल्थ प्लस

### त्योहारों के मद्देनजर स्वदेशी खादी महोत्सव में भारी छूट

**अंबिकापुर।** सरकार की दूरगामी एवं स्वदेशी नीतियों तथा लोकल फ़ॉर वोकल थीम से प्रेरित स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन कला केद्र मैदान में किया गया है। हथकरघा व छग खादी बोर्ड की संरचना एवं मार्गदर्शन से संचालित खादी महोत्सव का उदघाटन हाल ही में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की मौजूदगी में किया गया था। प्रबंधक वेड प्रकाश तिवारी ने बताया कि दशहरा एवं गांधी जयंती को देखते हुए संस्था द्वारा विशेष छूट का प्रावधान किया गया है। प्रदर्शनी में विशेष कर खादी वस्त्रों पर 10 से लेकर 20 प्रतिशत तक की छूट इसके साथ ही साथ बनारसी कश्मीरी एवं हैंडीक्राफ्ट के वस्तुओं पर भी 10 से लेकर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए विशेष ऑफर रखे गए है। प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण और छूट आगामी त्यौहारों को देखते हुए किया गया है प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, पशमीना सिल्क साड़ी, जयपुरी कुर्ती-लेगिंग्स, घाघरा, राजस्थानी मोजड़ी, इमिटेशन ज्वेलरी,पानीपत के मोजे, खादी तौलिया, पिलखुवा के बेडशीट, बनारसी सिल्क एवं सूती साड़ी, भागलपुरी ड्रेस मटेरियल एवं साड़ी, बंगाल के जूट बैग, सहारनपुर फर्नीचर, भदोही कारपेट, खुर्जा की क्रॉकरी, घीचा सिल्क साड़ी, जामदानी सिल्क साड़ी, के साथ-साथ अन्य अनेकों प्रकार प्रकार की बंगाली व स्वदेशी साड़ियां इत्यादि मौजूद है। प्रदर्शनी समिति दिनों के लिए सुबह 11 से रात 10 बजे तक संचालित है।



### कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर 19 को

**अम्बिकापुर।** लायंस क्लब एवं संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में बृहद कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का निःशुल्क आयोजन स्थानीय गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड में 19 सितम्बर की सुबह 10 बजे से किया गया है। शिविर में समस्त प्रकार के कैंसर का परीक्षण रायपुर के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। साथ ही आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। लायंस क्लब के सक्रिय टीम द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाने कहा है।




## खदान हादसों में मृत कर्मचारियों के परिजनों को अब 25 लाख रुपए अनुग्रह राशि

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब खदान हादसे में किसी कर्मचारी या ठेका श्रमिक की मौत होने पर उसके परिजनों को 15 लाख की जगह 25 लाख रुपए अनुग्रह राशि दी जाएगी। गौरतलब है कि कंपनी बोर्ड की 480वीं बैठक 26 जून 2025 को सीआईएल मुख्यालय में हुई थी। जिसमें यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया था। इस निर्णय की आधिकारिक अधिसूचना बुधवार 17 सितंबर को जारी की गई। सीआईएल के इस फैसले से खदान हादसे में मारे गए स्थायी कर्मचारी कार्यकारी और गैर-कार्यकारी के परिजनों को 25 लाख रुपए की राशि मिलेगी।यही सुविधा अब ठेका श्रमिकों के लिए भी लागू होगी। हालांकि ठेका श्रमिकों के मामले में यह राशि संबंधित ठेकेदार को वहन करनी होगी। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि अनुग्रह राशि की अदायगी वर्तमान में प्रचलित प्रणाली के अनुसार ही की जाएगी।

## समय एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में विद्यार्थी सहायता मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक प्रकोष्ठ द्वारा 15 सितंबर को समय प्रबंधन और तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए रखा गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप एवं होली क्रॉस नर्सिंग कॉलेज अंबिकापुर से आइं वक्ता सिस्टर जेनिफर डिसूजा, एसोसिएट प्रोफेसर विनीता कच्छप तथा ट्यूटर मनीषा मिंज ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्पण कर किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य ने प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा प्रभारी एवं संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने दी। सिस्टर जेनिफर डिसूजा ने समय प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति अरुचि और प्रोत्साहन की कमी ही समय नष्ट करने के प्रमुख कारण हैं। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर विनीता कच्छप ने सकारात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक कौशल पर जोर देते हुए कहा कि कार्य और जीवन के प्रति सही एटीट्यूड ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि समय पर स्वयं को न बदलने वाला व्यक्ति पीछे छूट जाता है। ट्यूटर मनीषा मिंज ने तनाव प्रबंधन पर विचार रखते हुए बताया कि समय का दुरूपयोग, नींद की अनियमितता और मोबाइल पर अत्यधिक समय व्यतीत करना तनाव के प्रमुख कारण हैं।






# राजनीतिक दल, सामाजिक और नागरिक संगठन रामगढ़ पर्वत को बचाने आए आगे : पाठक

- जिला कांग्रेस ने कहा-खतरे में है भगवान राम की तपोभूमि, शफी ने कहा-भाजपा फैला रही भ्रम

**अंबिकापुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा है कि रामगढ़ पर्वत पर दृष्टिगोचर हो रहे खतरे के बावजूद भाजपा के जांच दल के द्वारा खदानों को क्लीन चिट देने के कारण इस जांच की आवश्यकता पड़ी है। पर्वत पर स्थित प्राचीन राम मंदिर हम सभी की आस्था का प्रतीक है। रामगढ़ पर्वत जाकर स्थितियों को देखने के बाद मैं आशंकित हूं कि जब न खदान के ब्लास्ट में मंदिर जाने का मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाए और मंदिर पहुंचना नामुमकिन हो जाए।

जिलाध्यक्ष श्री पाठक बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। रामगढ़ पहाड़ के अस्तित्व पर मंडराते खतरे को लेकर मंगलवार को कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ पहाड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री पाठक ने कहा कि रामगढ़ भगवान राम की तपोभूमि है और अब यह धार्मिक स्थल खतरे में है। रामगढ़ में आस्था रखने वालों को आमंत्रित कर रहा हूं कि वे नवरात्र में जाकर खुद वास्तविक स्थित देखें। उन्होंने कहा साजिश के तहत राम मंदिर को नीचे बनाने का काम चल रहा है और यह राम भगवान के तपोभूमि को खंडित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि नीचे मंदिर बनवाने से बेहतर है सरकार मंदिर तक जाने के लिए रोपवे बनवाए। वहीं जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि राजनीति को छोड़ते हुए सभी राजनीतिक दल, सामाजिक और नागरिक संगठन रामगढ़ पर्वत को बचाने के लिये आगे आयें और खदान नंबर 12 को खुलने से रोकें अन्यथा रामगढ़ पर्वत जो पुराने खदान की वजह से अभी तक क्षतिग्रस्त ही हुआ है, नया खदान खुलने पर पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि भाजपा जांच दल के सदस्य अखिलेश सोनी ने यह हवाला दिया कि कांग्रेस शासनकाल में ही नई खदान के लिये वर्ष 2020 में कलेक्टर सरगुजा के द्वारा अनापत्ति जारी किया गया, जो सरासर गलत है। ऐसा कहकर भ्रम फैलाया जा रहा है। कलेक्टर सरगुजा द्वारा खदान के पक्ष में कोई भी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया जो पत्र जारी किया गया वो खदान नंबर 12 से सीताबेंगरा गुफा की दूरी के विषय में था न कि खदान के लिये अनापत्ति प्रमाणपत्र था। उन्होंने कहा कि यह क्यों नहीं बताया कि पेड़ कटाई के विरुद्ध पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के खडे हो जाने के बाद इस क्षेत्र में पेड़ तो दूर 1 डंगाल तक नहीं कटी। कांग्रेस के शासनकाल में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर इस क्षेत्र में खदान आबंटन को रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया। उस प्रस्ताव पर तबके विधायक शिवरतन शर्मा के भी हस्ताक्षर हैं जो भाजपा जांचदल के सदस्य हैं, और पता नहीं किस विशेष प्रभाव में खदान के पक्ष में रामगढ़ पर्वत को हो रहे नुकसान को नजरअंदाज कर रहे हैं। अम्बिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल के इस बयान पर कि खदान रामगढ़ पर्वत के विपरीत दिशा में जा रहा है प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि संभवतः विधायक महोदय को वस्तुस्थिति की जानकारी ही नहीं है। विधायक मौजूदा खदान को लेकर बात कर रहे हैं, जिससे रामगढ पर्वत को आलरेडी क्षति हो चुकी है, लेकिन खतरा नये खुलने वाले केंते एक्सटेशन 12 नंबर खदान से है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि हम विरोध के लिए राजनीति या आरोप-प्रत्यारोप नहीं करना चाहते। हमारा उद्देश्य इस क्षेत्र की धार्मिक आस्था के प्रतीक रामगढ़ पर्वत और उसपर मौजूद प्राचीन राम मंदिर को बचाने को लेकर है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने कहा कि वर्तमान में संचालित परसा ईस्ट केते बासेन खदान में इतना कोयला है कि आगामी 20 वर्षों तक इस खदान की पेरेंट कंपनी राजस्थान राज्य विद्युत निगम के पावर प्लांट को आपूर्ति होती रहेगी। इसके बावजूद किस कॉरपोरेट दबाव में सरकार नया खदान खोलकर सरगुजा के धार्मिक आस्था के प्रतीक और सांस्कृतिक धरोहर रामगढ़ पर्वत के अस्तित्व को मिटाना चाहती है। इस दौरान मोहम्मद इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, गुरप्रीत सिद्धू सहित अन्य मौजूद थे।



### क्या है रिपोर्ट में

कांग्रेस ने मंगलवार को रामगढ़ पहाड़ का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिक, बैगा व रामगढ़ पहाड़ संघर्ष समिति के लोगों से बात चीत की। वहीं रामगढ़ पर्वत के साथ की इस क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र के जानकार विशेषज्ञों से चर्चा की। इससे यह जानकारी निकलकर सामने आयी कि पर्वत की चोटी पर जाने वाले सीढ़ी मार्ग के रास्तों में खड़ी चट्टानो में व्यापक रूप से दरार उत्पन्न हो गई है। मौजूदा परसा केते ईस्ट बासेन खदान जिसका विस्तार वर्तमान में इस पर्वत से विपरीत दिशा में किया जा रहा है में कोल उत्खनन के दौरान होने वाले ब्लास्टिंग में पूरा पर्वत कांपने लगता है। मंदिर के बैगा चंदन सिंह ने बताया कि दोपहर में होने वाले ब्लास्टिंग के दौरान पर्वत में इतना अधिक कंपन होता है कि पर्वत पर मौजूद लोग भयाक्रांत हो जाते हैं। खदान खुलने के बाद से ही पर्वत में दरारे पडनी प्रारंभ हो गई हैं। पर्वत पर चढ़ने वाली सीढ़ी में लाल माटी और सिंहद्वार के पास चट्टानों में दरारे विशेष रूप से चौडी होती जा रही हैं। इस स्थान पर भविष्य में लैंडस्लाइड की संभावना है, जिससे पर्वत के ऊपर पवित्र राम मंदिर तक जाने का मार्ग पूरी तरह से बंद हो जायेगा। जांच दल ने पर्वत के शिखर के चारों ओर की चट्टानों में दरार को पाया है। अपनी जांच में जांच दल ने यह भी पाया है कि रामगढ़ पर्वत जिस स्थान से प्रारंभ हो रहा है उससे प्रस्तावित केंते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक(12 नंबर खदान) 8.6 किमी की दूरी पर है।








